**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 15-12-2005**

**Participants : Rana Shri Kashi Ram**

>

Title : Need to open more post offices in Surat Parliamentary Constituency, Gujarat.

**श्री काशीराम राणा (सूरत)** : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सूरत विशाल औद्योगिक क्षेत्र है जिसकी आबादी 40 लाख से भी अधिक हो गई है परन्तु उद्योगों की संख्या एवं आबादी को देखते हुए सूरत में डाकघरों की संख्या बहुत ही कम है जिसके कारण लोगों को एवं उद्योगों को अपना काम-काज करने में कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों को अपने पैतृक गांव में पैसा भेजने में कई कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। डाक सुविधाओं के अभाव में अन्य प्राइवेट कुरियर काफी लाभ कमा रहे हैं। अगर डाक विभाग अपनी सुविधाओं को बढ़ाता है तो यह राजस्व डाक विभाग को मिलता। साथ ही सूरत का डाक भवन पुराने भवन में चल रहा है जो जर्जर अवस्था में है। उसे नये भवन में स्थानांतरित किया जाना अति आवश्यक है। लोगों ने बताया है कि डाकघरों में डाक टिकट ए वं मनी आर्डर भी नहीं मिलते हैं।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत की आबादी एवं उद्योगों की संख्या के आधार पर और नये डाकघर खोले जायें एवं डाक भवन स्थित मुख्यालय को नये भवन में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही डाक भवन में सभी डाक सामग्री की उपलब्धि सुनियश्चित की जाए।